कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर

देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों की अनुज्ञप्तियों का आवेदन पत्र प्रणाली में व्यवस्थापन वर्ष 2015–16

विज्ञप्ति

क्रमांक/आब/ठेका/2015/**581** रायपुर, दिनांक 10.02.2015

सर्वसाधारण की जानकारी एवं आबकारी के फुटकर ठेकेदारों की विशेष जानकारी के लिए, राज्य शासन के आदेशानुसार, यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि, छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित सम्पूर्ण देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के लायसेंस **वर्ष 2015–16 अर्थात् दिनांक 01 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2016 तक** की अवधि के लिए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन बनाए गए **छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2002 (यथा संशोधित)** के अन्तर्गत **ऑन–लाईन के माध्यम से आवेदन प्राप्त कर** निष्पादित किए जावेंगे। देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूह के आबंटन के लिए दिनांक **11.02.2015** से दिनांक **25.02.2015** तक इच्छुक आवेदनकर्ताओं से निर्धारित प्रपत्र पर **ऑन–लाईन** आवेदन आमंत्रित किए जावेंगे। कम्प्यूटर द्वारा लॉटरी से लायसेंसी का चयन करने का स्थान एवं तिथि निम्नानुसार रहेगा :–

(i) वर्ष 2015–16 के लिए सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के समूहों के लिए ऑन–लाईन आवेदन प्राप्त करने एवं आबंटन की तिथियाँ

क्र.	जिले का नाम	लॉटरी द्वारा लायसेंसी का चयन करने का स्थान	लॉटरी द्वारा चयन की तिथि
1	2	3	4
1	दंतेवाड़ा	कलेक्टोरेट दंतेवाड़ा	**28.02.2015**
2	बीजापुर	कलेक्टोरेट बीजापुर	
3	सुकमा	कलेक्टोरेट सुकमा	
4	जशपुर	कलेक्टोरेट जशपुर	
5	कोरिया	कलेक्टोरेट कोरिया	
6	सरगुजा	कलेक्टोरेट सरगुजा	
7	बलरामपुर–रामानुजगंज	कलेक्टोरेट बलरामपुर–रामानुजगंज	
8	सूरजपुर	कलेक्टोरेट सरगुजा	
9	बस्तर	कलेक्टोरेट बस्तर	
10	कोंडागांव	कलेक्टोरेट कोंडागांव	
11	नारायणपुर	कलेक्टोरेट नारायणपुर	
12	कांकेर	कलेक्टोरेट कांकेर	
13	धमतरी	कलेक्टोरेट धमतरी	
14	जांजगीर–चांपा	कलेक्टोरेट जांजगीर–चांपा	
15	कोरबा	कलेक्टोरेट कोरबा	
16	महासमुंद	कलेक्टोरेट महासमुंद	
17	राजनांदगांव	कलेक्टोरेट राजनांदगांव	
18	कबीरधाम	कलेक्टोरेट कबीरधाम	
19	रायगढ़	कलेक्टोरेट रायगढ़	

20	दुर्ग	कलेक्टोरेट दुर्ग	28.02.2015
21	बालोद	कलेक्टोरेट बालोद	
22	बेमेतरा	कलेक्टोरेट बेमेतरा	
23	रायपुर	कलेक्टोरेट रायपुर	
24	बालौदाबाजार –भाटापारा	कलेक्टोरेट बालौदाबाजार–भाटापारा	
25	गरियाबंद	कलेक्टोरेट गरियाबंद	
26	बिलासपुर	कलेक्टोरेट बिलासपुर	
27	मुंगेली	कलेक्टोरेट मुंगेली	

(ii) छत्तीसगढ़ राज्य में नवगठित जिलों को मिलाकर वर्तमान में कुल 27 जिले शामिल है। नवगठित जिला सूरजपुर में **एन. आई. सी. का मुख्यालय** नहीं होने के कारण **संबंधित कलेक्टर** द्वारा निम्नांकित सारिणी में दर्शित स्थान पर कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकाल कर ड्रा की कार्यवाही की जावेगी।

क्र.	जिला का नाम	लॉटरी द्वारा ड्रा करने का स्थान
1	2	3
1	सूरजपुर	कलेक्टोरेट सरगुजा

शेष जिलों में चयन की कार्यवाही संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में संपन्न की जावेगी।

(iii) ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन जमा करना:–

देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह हेतु अनुज्ञप्ति स्वीकृति के लिए आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित प्रारूप में ऑन लाइन आवेदन पत्र निर्धारित प्रोसेस फीस (रूपये 5000/– प्रति समूह) के साथ **"ई–पेमेंट के माध्यम से"** निर्धारित तिथि एवं समय तक निम्नानुसार जमा किये जा सकते है :–

1. राज्य के समस्त जिलों के मदिरा दुकानों/समूहों की अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र ऑन लाइन जमा किए जायेंगे। आवेदन पत्र **विभाग के वेबसाईट http://excise.cg.nic.in के** Recent Posts **में तथा राज्य शासन के वेबसाईट** http://cgstate.gov.in **के** सूचना निर्देशिका एवं **लिंक** http://cgstate.gov.in /tenders उपलब्ध रहेगा।

2. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करने की तिथि दिनांक **11.02.2015** की प्रातः 10:30 बजे से दिनांक **25.02.2015** की संध्या 05:30 बजे तक अनवरत रहेगी। इस अवधि में आवेदन ऑन–लाईन के माध्यम से **24 घंटे x 7 दिवस** दिए जा सकेंगे।

3. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक को आवेदन में अपना पासपोर्ट साइज का फोटो संलग्न (Attach) करना अनिवार्य होगा, फोटो में आवेदक का चेहरा स्पष्टतया दर्शित होना आवश्यक है, स्केन फोटो का साइज 20 के.बी. से 50 के. बी. के बीच एवं रिजोल्यूशन न्यूनतम 144 X 144 PX (पिक्सल) का होना चाहिए ।

4. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक को आवेदन में अपने PAN CARD के अग्रभाग को स्केन कर संलग्न (Attach) करना अनिवार्य होगा एवं PAN CARD के स्केन Image का साइज 40 के.बी. से 80 के.बी. के बीच एवं रिजोल्यूशन न्यूनतम 300 X 150 PX (पिक्सल) का होना चाहिए ।

5. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक को आवेदन जमा करते समय प्रति समूह रूपये 5000/– की प्रोसेस फीस की राशि **ऑन लाईन फन्ड ट्रान्सफर की प्रक्रिया के तहत** जमा करना होगा। इस हेतु भारतीय स्टेट बैंक के **Payment Gateway** में उपलब्ध बैंको में संचालित खातों में से ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत राशि ट्रान्सफर की जा सकेगी। प्रोसेस फीस की राशि न तो लायसेंस फीस में समायोजन योग्य होगी और न ही यह राशि अनुज्ञप्ति स्वीकृत न होने पर वापसी योग्य होगी।

इसी प्रकार इन बैकों के डेबिट कार्ड के माध्यम से भी प्रोसेस फीस की राशि जमा की जा सकेगी। ऑन लाईन फण्ड ट्रान्सफर की प्रक्रिया में लगने वाले शुल्क का वहन आवेदक को स्वयं करना होगा।

6. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में भारतीय स्टेट बैंक के पेमेंट गेटवे में 58 बैंक संयोजित है जो कि निम्नानुसार है :–

S. No.	Bank Name	S.No.	Bank Name
1	ALLHABAD BANK	30	ORIENTAL BANK OF COMMERCE
2	ANDHRA BANK	31	PUNJAB & SIND BANK
3	BANK OF BAHRAIN & KUWAIT	32	PUNJAB NATIONAL BANK (CORPORATE)
4	BANK OF BARODA (CORPORATE)	33	PUNJAB NATIONAL BANK (RETAIL)
5	BANK OF BARODA (RETAIL)	34	RATNAKAR BANK
6	BANK OF INDIA	35	SARASWAT BANK
7	BANK OF MAHARASTRA	36	SHAMRAO VITHAL CO-OP BANK LTD
8	CANARA BANK	37	SOUTH INDIAN BANK LTD
9	CATHOLIC SYRIAN BANK	38	STANDARD CHARTERED BANK
10	CENTRAL BANK OF INDIA	39	SYNDICATE BANK
11	CITY UNION BANK	40	STATE BANK OF BIKANAR & JAIPUR
12	CORPORATION BANK	41	STATE BANK OF HYDERABAD
13	DCB BANK Business	42	STATE BANK OF MYSORE
14	DENA BANK	43	STATE BANK OF PATIALA
15	DEUTSCHE BANK	44	STATE BANK OF TRAVANCORE
16	DHANALAXMI BANK	45	TNSC BANK
17	FEDERAL BANK	46	UCO BANK
18	HDFC BANK LIMITED	47	UNION BANK OF INDIA
19	IDBI BANK	48	UNITED BANK OF INDIA
20	INDIAN BANK	49	VIJAYA BANK
21	INDIAN OVERSEAS BANK	50	YES BANK
22	INDUSIND BANK	51	AXIS BANK
23	ING VYASYA BANK	52	PUNJAB AND MAHARASHTRA CO-OPERATIVE BANK
24	JAMMU & KASHMIR BANK	53	TAMILNADU MERCANTILE BANK
25	KARNATAKA BANK	54	COSMOS BANK
26	KARUR VYSYA BANK	55	DCB BANK Personal
27	KOTAK BANK	56	ICICI Bank
28	LAKSHMI VILAS BANK (CORPORATE)	57	Janata Sahakari Bank
29	LAKSHMI VILAS BANK (RETAIL)	58	RBS (The Royal Bank of Scotland)

उपरोक्त संयोजित बैंकों के सभी शाखाओं में संचालित खातों के खातेधारकों को जिन्हें इन्टरनेट बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी उनके ही खातों से प्रोसेस फीस की राशि ट्रान्सफर हो सकेगी।

इस प्रकार उपरोक्त बैंकों द्वारा जारी एटीएम–कम–डेबिट कार्ड (वीसा/मास्टर कार्ड) एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी निम्न प्रकार के एटीएम–कम–डेबिट कार्ड से भी प्रोसेस फीस की राशि जमा की जा सकेगी :–

S.No.	CARD TYPE
1	2
1	GOLD MAGNETIC STRIPE DEBIT CARD
2	GOLD CHIP DEBIT CARD
3	PLATINUM DEBIT CARD
4	YUVA CARD
5	VISA GOLD
6	MASTER GOLD
7	MASTER PLATINUM CARD
8	VISA PLATINUM CARD
9	INTERNATIONAL CARD
10	SILVER CARD (16 DIGIT VISA/MASTER CARD)
11	CLASSIC CARD (16 DIGIT VISA/MASTER CARD)
12	DOMESTIC CARD
13	DRISHTI CARD

7. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करने हेतु प्रोसेस फीस की राशि आवेदक के खाते से ऑन लाइन ट्रान्सफर हो जावें परन्तु आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण न हो सके तो ऐसी स्थिति में संबंधित आवेदक/आवेदकों के प्रोसेस फीस की राशि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के उपरान्त वापस की जावेगी।

8. (i) ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक ऑन लाइन आवेदन करते समय अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रविष्टि कर किसी जिले की एकाधिक समूहों के लिए आवेदन कर सकेगा। एक साथ एकाधिक समूहों में आवेदन जमा करने की स्थिति में आवेदित समूहों की **संख्या के गुणांक में** प्रोसेस फीस की कुल राशि आवेदक के बैंक खाते से ऑन लाईन ट्रान्सफर हो जावेगी।

(ii) ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन करते समय आवेदकों की सुविधा के लिये जिलेवार/समूहवार विस्तृत जानकारी का "लिंक" पोर्टेबल डाक्यूमेंट फार्मेट (Pdf) में उपलब्ध रहेगा।

(iii) ऑन लाईन प्रक्रिया के तहत कोई भी आवेदक (व्यक्ति/फर्म/कम्पनी) एक जिले में एक समूह के लिये एक से अधिक आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं कर सकेगा।

9. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करते समय निर्धारित प्रोसेस फीस की राशि की अदायगी पश्चात् ही संबंधित आवेदक का आवेदन जमा माना जावेगा। तत्पश्चात् 9 अंको का **रेण्डम (Random) पंजीयन नम्बर की जानकारी** आवेदक के मोबाईल नंबर में लघु संदेश सेवा (SMS) द्वारा एवं E-mail ID में E-mail संदेश के द्वारा भेजी जावेगी। रेण्डम नम्बर अक्षरांकीय (ALPHA-NUMERIC) होगा।

10. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में ऑन लाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तथा समय पश्चात् समस्त आवेदकों के मोबाईल नंबर में **वास्तविक पंजीयन नंबर** की जानकारी लघु संदेश सेवा (SMS) के द्वारा तथा E-mail ID में E-mail संदेश के द्वारा भेजा जावेगा।

टीप :–वास्तविक पंजीयन नम्बर की जानकारी का प्रिंट आवेदक द्वारा किये गये आवेदन की प्राप्ति अभिस्वीकृति होगी।

11. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में मोबाइल नंबर एवं E-mail ID की गलत प्रविष्टि की जाती है अथवा तकनीकी कारणों से यदि विभाग द्वारा प्रेषित की जाने वाली लघु संदेश सेवा (SMS) व E-mail संदेश आवेदक को संसूचित नहीं होने पर विभाग की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

12. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदक ऑन लाइन आवेदन जमा करने के पश्चात् अपने आवेदन का प्रिन्ट निकालकर सुरक्षित रख सकते है।

13. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करने के पश्चात् भी आवेदक अपने आवेदन पत्र की विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेब साइट में जाकर PAN एवं जन्म तिथि की प्रवृष्टि कर ऑन लाइन प्राप्त कर सकते है।

14. ऑन लाइन प्रकिया के तहत आवेदन प्रणाली के अन्तर्गत देशी/विदेशी मदिरा दुकानों/समूहों के व्यवस्थापन प्रणाली के तहत चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आवेदकों को अपने आवेदन पत्र में वर्णित जानकारियों के समर्थन में मूल अभिलेखों के साथ चयन के तीन कार्य दिवस के भीतर अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

15. आवेदकों की सुविधा के लिए विभाग के वेबसाइट में ऑन लाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया से संबंधित **सचित्र यूजर मेंनुअल** उपलब्ध कराया गया है।

16. **ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को होने वाली किसी भी असुविधा/तकनीकी असुविधा के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।**

17. **ऑन लाइन आवेदन प्रकिया के तहत अपरिहार्य स्थिति में निर्धारित तिथियों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार राज्य शासन के पास सुरक्षित रहेगा।**

18. ऑन लाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन प्रणाली के अन्तर्गत कोई भी आवेदक राज्य के किसी भी जिला से ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते है। ऑन लाइन आवेदन प्रकिया के तहत आवेदकों की सुविधा के लिए विभाग द्वारा कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, रायपुर में हेल्प लाईन नम्बर **0771–4287925 एवं 0771–4287928** प्रारंभ किया गया है, जिसमें इच्छुक आवेदक अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक ऑन लाइन आवेदन प्रकिया के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

2/ उक्त दिये गये कार्यक्रम के अनुसार आबकारी आयुक्त द्वारा प्रदेश के समस्त जिले की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह के लिए **ऑन–लाईन** आवेदन प्राप्त करने एवं कम्प्यूटर के माध्यम से सार्वजनिक लॉटरी द्वारा अनुज्ञापी का चयन करने के लिए नियत तिथियों की विज्ञप्ति प्रकाशित/प्रसारित की जा रही है, जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों की जिलावार पृथक–पृथक देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह के लिए निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा, वार्षिक ड्यूटी की राशि, वार्षिक लायसेंस फीस की राशि, वार्षिक राजस्व, वार्षिक लायसेंस फीस का 1/12वाँ भाग व वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि का 1/12वाँ भाग प्रतिभूति धनराशि एवं माह अप्रैल, 2015 की अग्रिम लायसेंस फीस की राशि आदि की जानकारी **परिशिष्ठ–"एक"** में संलग्न है।

3/ देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूहों के आबंटन के लिए वे ही व्यक्ति/फर्म/कम्पनी **ऑन–लाईन** आवेदन कर सकते हैं, जो छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन निर्मित नियमों तथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों की बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2002 यथासंशोधित के तहत् आबकारी लायसेंस प्राप्त करने की पात्रता रखते हों।

4/ नियमों, मादक द्रव्यों की खपत, निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा, वर्ष 2015–16 के लिए निर्धारित ड्यूटी दरों आदि की विस्तृत जानकारी संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/ सहायक आयुक्त आबकारी/ जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय से अवकाश के दिनों को छोड़कर, किसी–भी दिन कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। जो व्यक्ति इस राज्य

की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूहों को लेने के लिए भाग लेना चाहता हो, वह सम्बन्धित जिले की देशी/ विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूहों के लिए विहित प्रपत्र पर **ऑन–लाईन** आवेदन नियत तिथि तक निर्धारित समय के पूर्व कर सकता है।

5/ वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह का आबंटन छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन बनाए गए छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2002 (यथासंशोधित) के अन्तर्गत किया जावेगा। **आबंटन के संबंध में प्रचलित प्रावधान एवं शर्तें आदि निम्नानुसार होंगी** :–

(1) **<u>फुटकर बिक्री के लिए लायसेंसों का व्यवस्थापन</u>** :–

(1.1) उक्त नियमों और लायसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि के भुगतान के अध्यधीन रहते हुए, देशी/विदेशी मदिरा की बिक्री के लिए फुटकर दुकान/दुकानों के समूह की निर्दिष्ट फीस 12 मासिक किश्तों में देय प्रणाली के अन्तर्गत देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों का व्यवस्थापन या पुर्नव्यवस्थापन किया जायेगा।

(1.2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के अन्तर्गत निर्मित **सामान्य लायसेंस शर्त 2 (1) के अनुसार**, अनुज्ञप्तिधारी देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह की दुकानों की मासिक अनुज्ञप्ति फीस प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस को या उसके पूर्व संबंधित जिले के कोषालय/उप–कोषालय में जमा करेगा। लायसेंसी को मासिक किश्त उस माह के **दसवें कार्य दिवस तक जमा करने की सुविधा रहेगी।**

(1.3) उक्त खण्ड (1.2) के अन्तर्गत अनुज्ञप्तिधारी, देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह की दुकानों की मासिक अनुज्ञप्ति फीस संबंधित माह के दसवें कार्य दिवस तक जिले के कोषालय/उप–कोषालय में जमा करने में असफल रहता है, तो ऐसा अनुज्ञप्तिधारी, उनके विरुद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा की जाने वाली अन्य कार्यवाहियों के साथ–साथ, वह बकाया अनुज्ञप्ति फीस की राशि पर **12% वार्षिक (अर्थात् 1% मासिक)** की दर से साधारण ब्याज भुगतान करने के लिए भी दायी होगा।

(1.4) देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के लिए अनुज्ञप्ति, इन संशोधित नियमों के संलग्न प्रपत्र उपाबन्ध **1** व **2** पर क्रमशः **सी.एस.2–घ** व **एफ.एल. 1–घ** में मंजूर किये जावेंगे तथा विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों को, उसके संलग्न परिसर में अहाता सुविधा हेतु अनुज्ञप्ति छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम, 1996 के नियम 8 के उप–नियम (1) के खण्ड (ककक) के अधीन प्ररूप एफ.एल.1ख में मंजूर किए जावेंगे।

(2) **<u>मदिरा दुकानों के समूह का गठन</u>** :–

(2.1) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा भौगोलिक दृष्टि से एक दूसरे से नजदीक स्थित दो से अनधिक देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के समूह बनाये जाकर, समूह का आबंटन किया जावेगा, जिसमें एक ही स्थान की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान एक ही समूह में रखी जावेगी। देशी/विदेशी मदिरा के समूह के आबंटन उपरान्त एवं निर्धारित अग्रिम धनराशियाँ आदि की पूर्ति कर दिये जाने उपरांत अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा समूह की दुकानों के लिए चयनित आवेदकों को **वर्ष 2015–16** के लिए दुकानवार लायसेंस जारी किए जायेंगे।

(2.2) एक आवेदक (व्यक्ति/फर्म/कम्पनी) किसी–भी जिले में दो समूह से अधिक समूहों के लिये लायसेंस अभिप्राप्त नहीं कर सकता। इसी प्रकार कोई भी आवेदक (व्यक्ति/फर्म/कम्पनी) **एक जिले में एक समूह के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र नहीं दे सकेगा।**

(3) **आवेदन पत्र के साथ प्रोसेस फीस** :–

किसी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों की अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन प्रणाली में आबंटन करने के लिए इच्छुक आवेदनकर्ताओं के द्वारा **ऑन–लाईन** किये जाने वाले निर्धारित आवेदन के साथ **प्रोसेस फीस रुपये 5000/– ई–पेमेंट के माध्यम से** जमा की जावेगी। प्रोसेस फीस की राशि न तो लायसेंस फीस में समायोजन योग्य होगी और न ही यह राशि अनुज्ञप्ति स्वीकृत न होने पर वापसी योग्य होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कंडिका 1 (iii) में दी गई है।

(4) **देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह के आबंटन के लिए आवेदन पत्र** :–

(4.1) इच्छुक आवेदनकर्ताओं की जानकारी हेतु वर्ष 2015–16 के लिए आवेदन प्रणाली में आबंटित की जाने वाली देशी/विदेशी मदिरा के समूह में सम्मिलित फुटकर दुकान/दुकानों की सूची, वार्षिक निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत की मात्रा, वार्षिक ड्यूटी की राशि, वार्षिक लायसेंस फीस की राशि, वार्षिक मूल्य, निर्धारित वार्षिक लायसेंस फीस के 1/12वें भाग के बराबर धनराशि एवं वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि के 1/12वें भाग के बराबर प्रतिभूति (सिक्यूरिटी डिपाजिट) की धनराशि एवं एक माह की अग्रिम लायसेंस फीस की राशि व समूह के लिए निर्धारित प्रोसेस फीस आदि की जानकारी समस्त कलेक्टर/उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी के जिला कार्यालय/अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/तहसीलदार/नगर निगम/ नगर पालिका के कार्यालय एवं इसके अतिरिक्त उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता एवं छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालयों के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जावेगी, **तथा आबकारी विभाग के वेबसाईट http://excise.cg.nic.in पर भी उपलब्ध है।**

(4.2) आवेदनकर्ता वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों के आबंटन के लिए आवेदन पत्र **परिशिष्ट–"दो"** व शपथ पत्र के प्रारूप **परिशिष्ट–"तीन"** तथा अशिक्षित/अर्द्ध शिक्षित आवेदक हेतु जन्म तिथि के लिए मजिस्ट्रेट/नोटरी के समक्ष दिये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप **परिशिष्ट–"चार"** जो इस विज्ञप्ति के साथ भी प्रकाशित किए जा रहे हैं, सम्बन्धित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी के जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। इसे **आबकारी विभाग के वेबसाईट http://excise.cg.nic.in पर भी उपलब्ध कराया गया है,** तथा आवेदन पत्र व शपथ पत्र तथा अशिक्षित/अर्द्ध शिक्षित आवेदक हेतु जन्म तिथि के लिए मजिस्ट्रेट/नोटरी के समक्ष दिये जाने वाले शपथ पत्र के निर्धारित प्रारूपों पर ही किया जा सकेगा। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में पासपोर्ट साईज की स्केन की गई फोटो लगाई जावेगी। स्कैन की गई फोटो का साइज 20 के.बी. से 50 के.बी. के बीच एवं रिजोल्यूशन न्यूनतम 144 X 144 PX (पिक्सल) का होना चाहिए ।

(4.3) किसी भी इच्छुक आवेदनकर्ता के द्वारा वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों के आबंटन हेतु आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित किए गए आवेदन पत्र के प्रारूप पर प्रदेश के जिलों के लिए निर्धारित तिथि एवं समय तक **ऑन–लाईन** आवेदन किया जा सकता है। चयनित आवेदनकर्ता को चयन की सूचना के तीन कार्यदिवस के भीतर विहित प्रारूप में अपने प्रमाणित फोटोग्राफ सहित पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा स्थिति में चयनित आवेदक का चयन अस्वीकृत कर दिया जावेगा :–

(i) **आयु के प्रमाण के लिए** – म्यूनिसिपल अथॉरिटी या रजिस्ट्रार, जन्म और मृत्यु जिला कार्यालय द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र या अंतिम स्कूल से जारी जन्म तिथि का प्रमाण पत्र या अशिक्षित/अर्द्धशिक्षित आवेदक द्वारा जन्म तिथि के लिए मजिस्ट्रेट/नोटरी के समक्ष संलग्न प्रारूप **परिशिष्ठ–चार** में दिया गया शपथ पत्र या पेनकार्ड या पासपोर्ट या ड्राइविंग लाइसेंस, **इनमें से किसी एक प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ सत्यापित प्रतिलिपि** भी संलग्न होना अनिवार्य है। जांच पश्चात् मूल प्रति आवेदक को वापस कर दी जावेगी।

(ii) **स्थायी निवास के प्रमाण के लिए** –मतदाता परिचय पत्र, पासपोर्ट, राशन कार्ड, आयकर निर्धारण आदेश, ड्राईविंग लायसेंस, संबंधित राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जल, टेलीफोन, बिजली बिल, बैंक का जीवित खाता स्टेटमेंट, **इनमें से किसी एक प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ सत्यापित प्रतिलिपि भी** संलग्न होना अनिवार्य है। जांच पश्चात् मूल प्रति आवेदक को वापस कर दी जावेगी।

(iii) **आवेदक को आयकर विभाग द्वारा आबंटित पेन कार्ड की सत्यापित प्रतिलिपि जमा करना अनिवार्य है।**

(5) **आवेदकों के लिए पात्रता की शर्तें** :–

(5.1) वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की दुकान/दुकानों के समूह के लायसेंस की पात्रता के लिए आवेदकों को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी :–

(5.1.1) भारत का नागरिक हो।

(5.1.2) 21 वर्ष से अधिक आयु हो।

(5.1.3) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन बनाए गए किसी नियम के प्रावधानों के अधीन राज्य में आबकारी लायसेंस धारण करने से वर्जित न किया गया हो एवं बकायादार/काली सूची में सम्मिलित न हो। इन नियमों के नियम 13 के अधीन व्यतिक्रमी सूची में भी सम्मिलित न हो। इसी प्रकार किसी अन्य राज्यों के तत्संबंधी प्रावधानों में भी आबकारी लायसेंस धारण करने से वर्जित न किया गया हो एवं बकायादार/काली सूची में सम्मिलित न हो। अन्य राज्यों के संबंध में आवेदक, देश के जिन–जिन राज्यों में लायसेंसी रहा है, उन राज्यों से बकायादार/काली सूची में सम्मिलित व्यक्ति नहीं होने संबंधी प्रमाण पत्र लायसेंस जारी होने के **60 (साठ)** दिनों के भीतर लाइसेंसिंग प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा। यदि इस अवधि में आवेदक द्वारा अपेक्षित प्रमाण पत्र लाइसेंसिंग प्राधिकारी को प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो लायसेंसिंग प्राधिकारी लायसेंस निरस्त कर सकेगा।

(5.1.4) आवेदक को दुकान/समूह आबंटित होने पर आपत्तिरहित स्थान पर दुकान खोलने हेतु उपयुक्त स्थान रखता हो या किराये पर लेने की व्यवस्था कर सकता हो।

(5.1.5) आवेदक का नैतिक चरित्र अच्छा हो, और उसकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि न हो तथा उसको आबकारी अधिनियम, 1915 या स्वापक औषधि और मनःप्रभावी अधिनियम, 1985 या किसी अन्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध में दण्डित न किया गया हो।

(5.1.6) आवेदनकर्ता के अनुज्ञप्तिधारी के रूप में चयनित हो जाने की दशा में जिला, जहाँ का वह मूल निवासी है एवं **विगत 10 वर्षों में** वह जहाँ–जहाँ निवास करता रहा हो, के पुलिस अधीक्षकों द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र लायसेंस जारी होने के **60 (साठ)** दिनों के भीतर प्रस्तुत करना होगा कि, उसका चरित्र अच्छा है एवं उसकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि या अपराधिक इतिहास नहीं है।

(5.1.7) आवेदक के अनुज्ञप्तिधारी के रूप में चयनित होने पर वह किसी ऐसे व्यक्ति को बिक्रीकर्ता या प्रतिनिधि के रूप में नियोजित नहीं करेगा, जिसकी कोई अपराधिक पृष्ठभूमि होगी या जो किसी संक्रामक या छुआछूत रोग से ग्रसित होगा या 21 वर्ष से कम आयु का होगा या महिला होगी।

(5.1.8) आवेदनकर्ता के ऊपर कोई सरकारी देय न हो।

(5.1.9) आवेदक आयकर विभाग द्वारा आबंटित स्थायी लेखा संख्या (Permanent Account Number) धारित करता हो।

(5.2) इस कंडिका के खण्ड (5.1) के उप–खण्ड (5.1.1) से (5.1.9) तक की शर्तों के प्रमाण स्वरूप आवेदनकर्ता चयन के दो कार्य दिवस के भीतर विहित प्रारूप में पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा तथा पैन कार्ड एवं आवेदन पत्र में उल्लेखित अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ राजपत्रित अधिकारी अथवा पब्लिक नोटरी से प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करेगा। जांच पश्चात् मूल प्रति आवेदक को वापस कर दी जावेगी।

स्पष्टीकरण :–शपथ पत्र स्टाम्प पेपर पर अथवा कोर्ट फीस टिकिट/एडहेसिव टिकिट का उपयोग कर अथवा फ्रैंकिंग विधि से तैयार किया जा सकता है।

(5.3) चयन प्रक्रिया के दौरान या बाद में जिला स्तरीय समिति कभी–भी आवेदक को नियम एवं शर्तों के पालन की पुष्टि हेतु समक्ष में उपस्थित होने को आदेशित कर सकती है या अन्य कोई प्रमाण/अभिलेख मांग सकती है, जिसे प्रस्तुत करना आवेदक का उत्तरदायित्व होगा, अन्यथा स्थिति में उसका चयन निरस्त किया जा सकता है अथवा ठेकावधि के दौरान लायसेंस निलंबन/निरस्तीकरण की कार्यवाही अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा की जा सकती है।

(6) **<u>चयन के लिए जिला स्तरीय समिति</u> :–**

वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों में से आवेदनकर्ता/अनुज्ञप्तिधारी के चयन हेतु प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय समिति होगी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात् :–

(एक)	जिले का कलेक्टर	अध्यक्ष
(दो)	जिले का उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी/पदेन, जिला आबकारी अधिकारी	सदस्य सचिव

(7) **अनुज्ञप्तिधारी का चयन** :–

(7.1) वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के समूह/समूहों के लिये **ऑन–लाईन** प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों की **सूची में से पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची** समिति के सदस्य सचिव, द्वारा तैयार की जाकर, चयन करने के पूर्व, सभी आवेदकों के अवलोकन के लिए अपनी संक्षिप्त रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की जावेगी, जिसे समिति के अध्यक्ष की सहमति/अनुमति पश्चात् कलेक्टर/ जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/ जिला आबकारी अधिकारी के कार्यालय के सूचना पटल पर **एवं आबकारी विभाग के वेबसाईट http://excise.cg.nic.in** पर भी प्रदर्शित की जावेगी।

(7.2) इस प्रकार उक्त समिति द्वारा ऑन लाइन पात्र पाये गये आवेदकों की सूची में से अनुज्ञप्तिधारियों का चयन किया जावेगा। यदि किसी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के समूह/समूहों के लिये एक से अधिक आवेदक पात्र पाए जाते हैं, तो समिति ऐसी दुकानों के समूह/समूहों के लिए अनुज्ञप्तिधारी का चयन **राज्य शासन द्वारा विहित प्रक्रिया के अन्तर्गत** कम्प्यूटर द्वारा सार्वजनिक लॉटरी से करेगी, जिसमें तीन आवेदकों का चयन क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय के रूप में किया जावेगा।

(7.3) यदि प्रथम चयनित आवेदक द्वारा चयन की सूचना के दो कार्य दिवस के भीतर वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि का 1/12वाँ भाग प्रतिभूति धनराशि अग्रिम रूप में जमा नहीं की जाती है अथवा अन्य किसी कारण से उसका चयन निरस्त हो जाता है, तो चयन सूची के दूसरे क्रम के आवेदक को संबंधित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों की फुटकर दुकानों के समूह का आबंटन किया जा सकता है।

(7.4) यदि दूसरे क्रम के आवेदक द्वारा भी अपने चयन की सूचना के दो कार्य दिवस के भीतर वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि का 1/12वाँ भाग प्रतिभूति धनराशि अग्रिम रूप में जमा नहीं की जाती है, अथवा अन्य किसी कारण से उसका भी चयन निरस्त हो जाता है, तो चयन सूची के तीसरे क्रम के आवेदक को संबंधित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों की फुटकर दुकानों के समूह का आबंटन किया जा सकता है।

(7.5) यदि प्रथम अथवा व्दितीय अथवा तृतीय चयनित आवेदक द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के **अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2002** (यथासंशोधित) के **नियम 13** के अनुसार निर्धारित अवधि में अपेक्षित धनराशि जमा नहीं की जाती है और विहित औपचारिकताएं पूरी नहीं की जाती हैं या दुकान/दुकानों के समूह हेतु उपयुक्त परिसर की व्यवस्था करने में अक्षम रहता है तो अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा संबंधित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के समूह का आबंटन निरस्त कर दिया जावेगा तथा दुकानों के समूह के पुर्नव्यवस्थापन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

(7.6) देशी/विदेशी मदिरा दुकान/दुकानों के समूहों को आवेदन प्रणाली में आबंटन की कार्यवाही यदि किसी कारणवश नियत तिथि को पूरी नहीं होती है तो आबंटन हेतु शेष रही दुकानों/समूहों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की कार्यवाही आबकारी आयुक्त द्वारा प्राधिकृत संबंधित जिला के कलेक्टर द्वारा आबकारी आयुक्त से परामर्श पश्चात् अन्य घोषित किसी भी दिन की जा सकेगी, जिसके लिए संबंधित जिला के कलेक्टर द्वारा संक्षिप्त विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जावेगा।

(7.7) यदि वर्ष 2015–16 के लिए किसी विशिष्ट दुकानों के समूह के लिए कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है या दुकानों के समूह के लिए कोई अभ्यर्थी पात्र नहीं पाया जाता है, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/ विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के **व्यवस्थापन नियम, 2002 (यथासंशोधित) के नियम 8 में दी गई** प्रक्रिया अनुसार दुकानों के पुर्नव्यवस्थापन हेतु तत्काल कार्यवाही की जावेगी।

(7.8) जिला स्तरीय समिति/अनुज्ञापन प्राधिकारी को अधिकार होगा कि, वह किसी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/दुकानों के समूह हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों को बिना कारण बताए नामंजूर कर दें, जिसके लिए आवेदनकर्ता को कारण बताना आवश्यक नहीं होगा और न ही इस संबंध में आवेदनकर्ता की कोई आपत्ति ग्राह्य योग्य होगी।

(7.9) वर्ष 2015–16 के लिए जिस आवेदनकर्ता को देशी मदिरा दुकान/दुकानों के लिए सी.एस.2घ एवं विदेशी मदिरा दुकान/दुकानों के लिए एफ.एल.1घ में अनुज्ञप्ति मंजूर की जावेगी, वह छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के **व्यवस्थापन नियम, 2002 (यथासंशोधित) के नियम 3 (ख)** के अधीन जारी अनुज्ञप्ति के निर्बन्धन तथा शर्तों से आबद्ध रहेगा।

(8) **<u>कम्प्यूटर द्वारा लॉटरी निकालने की प्रक्रिया</u>** :–

(8.1) वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूहों के लिए अनुज्ञापी का चयन करने हेतु कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकालने के लिए सर्वप्रथम जिले का कोड क्रमांक, जो प्रथम दो अंकों का होगा, इसके बाद समूह का अनुक्रमांक, जो व्दितीय दो अंकों का होगा एवं तत्पश्चात् आवेदन क्रमांक, जो **तृतीय पांच अंकों** का होगा, अंकित रहेगा। छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों को उनके जिले के नाम के समक्ष दर्शाए अनुसार कोड क्रमांक निम्नानुसार आबंटन किया गया है :–

क्रमांक	जिले का नाम	आबंटित कोड नम्बर
1.	2.	3.
1.	रायपुर	01
2.	दुर्ग	02
3.	राजनांदगांव	03
4.	धमतरी	04
5.	महासमुंद	05
6.	कबीरधाम	06
7.	बस्तर	07
8.	नारायणपुर	08
9.	उ.ब.काँकेर	09
10.	द.ब.दन्तेवाड़ा	10
11.	बीजापुर	11
12.	बिलासपुर	12
13.	कोरबा	13
14.	जांजगीर–चाँपा	14
15.	रायगढ़	15
16.	जशपुर	16
17.	सरगुजा	17
18.	कोरिया	18

19.	बालौदाबाजार–भाटापारा	19
20.	गरियाबंद	20
21.	बालोद	21
22.	बेमेतरा	22
23.	मुंगेली	23
24.	बलरामपुर–रामानुजगंज	24
25.	सूरजपुर	25
26.	कोंडागांव	26
27.	सुकमा	27

(8.2) आवेदकों द्वारा दिए जाने वाले आवेदनों के लिए जिला आबकारी कार्यालय में समूहवार पंजी संधारित की जावेगी। समूहवार संधारित पंजी में प्राप्त आवेदन पत्र पर पहले जिले का कोड क्रमांक, तत्पश्चात् समूह का अनुक्रमांक फिर प्राप्त आवेदन पत्र का क्रमांक क्रमशः अंकित किया जाकर, आवेदन पत्र के ऊपर दर्शित किया जावेगा।

(8.3) आवेदकों के द्वारा ऑन–लाईन आवेदन किये जाने के उपरांत आवेदक के आवेदन पत्र पर कम्प्यूटर के माध्यम से रेन्डम (Random) पंजीयन नंबर अंकित हो जायेगा। आवेदक आवेदन जमा करने के प्रमाण स्वरूप आवेदन पत्र की प्रतिलिपि प्राप्त कर सकेगें। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् आवेदक **आबकारी विभाग की वेबसाईट http://excise.cg.nic.in** से उपरोक्तानुसार आबंटित रेन्डम (Random) पंजीयन नंबर द्वारा उस समूह के सम्पूर्ण कोड क्रमांक युक्त वास्तविक पंजीयन नंबर (प्राप्ति अभिस्वीकृति) प्राप्त कर सकते है।

(8.4) जिन समूहों के लिए एक ही आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, उन समूहों को सर्वप्रथम चयन के लिए घोषित किया जावेगा, तत्पश्चात् जिन समूहों के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, उन समूहों के लिए **बढ़ते क्रम से** प्राप्त आवेदन पत्र अनुसार समूहों के चयन की प्रक्रिया अपनाई जावेगी,
अर्थात् जिन समूह में कम आवेदन पत्र रहेंगे, उन समूहों को पहले, इसी प्रकार बढ़ते क्रम के आवेदनों की संख्या के अनुसार समूहों के चयन की कार्यवाही की जावेगी।

(8.5) प्रदेश के किसी भी जिले में लॉटरी निकालने की नियत तिथि के पूर्व समस्त प्राप्त आवेदनों की सूची कलेक्टर/जिला आबकारी कार्यालय के सूचना पटल पर सभी आवेदकों के अवलोकन के लिए प्रदर्शित की जावेगी, जिसमें भी उपरोक्तानुसार कोड नम्बरों की जानकारी अंकित रहेगी।

(8.6) लॉटरी निकालने के दिवस को लॉटरी द्वारा चयन प्रक्रिया के स्थल पर केवल उन्हीं आवेदकों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि को प्रवेश दिया जावेगा, जिनके पास संबंधित समूह के लिए किए गए आवेदन पत्र की विधिवत् प्राप्ति अभिस्वीकृति होगी।

(8.7) इस विज्ञप्ति की कंडिका (2) की उप–कंडिका (2.2) के अनुसार एक आवेदक/फर्म/कम्पनी को किसी भी **जिले में केवल दो समूह की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों** का आबंटन किया जावेगा। अतः इसके लिए यह आवश्यक है कि, सबसे पहले जिन समूहों में कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, पहले उन समूहों के चयन की कार्रवाई की जावे, ताकि पहले घोषित समूहों में यदि किसी आवेदक को दो समूह आबंटित हो जाते हैं, तो अगले समूह के चयन की प्रक्रिया में उसका चयन होने पर विचार करने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होगा तथा अगले क्रम पर आने वाले आवेदक से प्रथम, व्दितीय, तृतीय आवेदक का चयन किया जावेगा।

(8.8) कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकालने में नम्बरों का प्रयोग करते समय सर्वप्रथम जिले का कोड क्रमांक, जो प्रथम दो अंकों का होगा, इसके बाद समूह का अनुक्रमांक, जो व्दितीय दो अंकों का होगा एवं तत्पश्चात् आवेदन क्रमांक, जो **तृतीय पांच अंकों** का होगा, अंकित किया जाकर, लॉटरी निकालने की प्रक्रिया अपनाई जावेगी।

(8.9) प्रदेश के समस्त जिलों के कलेक्टोरेट परिसर, जहाँ पर सार्वजनिक लॉटरी द्वारा चयन करने की निर्धारित तिथि एवं समय में कम्प्यूटर के माध्यम से लॉटरी निकाली जावेगी, वहाँ कम्प्यूटर से लॉटरी निकालने की प्रक्रिया को सभी आवेदकों की सहूलियत के लिए बड़े परदे पर दिखाया जावेगा।

(8.10) चयन के दिन कम्प्यूटर द्वारा लॉटरी का वास्तविक ड्रा निकालने के पूर्व आवेदकों को ड्रा निकालने संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी जावेगी एवं उनके समक्ष छद्म ड्रा (माक डिमास्ट्रेशन), जितनी बार आवश्यक होगा जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जावेगा, किन्तु कम से कम **तीन बार** अवश्य कराया जावेगा, ताकि कोई भी आवेदनकर्ता संशय की स्थिति में न रहे।

(9) **<u>देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह के लिए अग्रिम धन जमा करना</u>** :–

(9.1) वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के समूह के लिए चयनित आवेदक को संबंधित समूह की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के लिए वार्षिक निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी राशि के 1/12वें भाग के बराबर धनराशि प्रतिभूति के रूप में अपने चयन के 2 दिवस के भीतर तथा वार्षिक निर्धारित लायसेंस फीस के अनुसार प्रथम माह की लायसेंस फीस दिनांक 27 मार्च, 2015 तक अग्रिम रुप में जमा करना अनिवार्य होगा तथा उक्त अग्रिम धनराशियाँ जमा होने पर ही अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा संबंधित आवेदक को देशी/विदेशी मदिरा दुकान/दुकानों के लायसेंस जारी किये जायेंगे।

(9.2) वर्ष 2015–16 के लिए चयनित आवेदक/अनुज्ञप्तिधारी को उक्त राशियों के अतिरिक्त देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/दुकानों के समूह के लिए निर्धारित वार्षिक लायसेंस फीस के 1/12वें भाग के बराबर धनराशि नगद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा शैड्यूल्ड कमर्शियल बैंक अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की बैंक गारंटी के रूप में **30 अप्रैल, 2015** तक जमा करना अनिवार्य होगा।

(10) **<u>लायसेंस फीस और प्रतिभूति धनराशि का भुगतान</u>** :–

वर्ष 2015–16 के लिए प्रदेश के जिलों में स्थित देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों/समूहों के लिए आवेदक का अनुज्ञप्तिधारी के रूप में चयन होने पर, वह अपने चयन से **दो कार्य दिवस** के भीतर वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी के 1/12 वें भाग के बराबर प्रतिभूति धनराशि तथा प्रथम माह की लायसेंस फीस **दिनांक 27 मार्च, 2015** तक अग्रिम रूप में जमा करेगा। यदि वह विहित कालावधि में प्रतिभूति धनराशि व प्रथम माह की लायसेंस फीस जमा करने में असफल रहता है, तो उसका चयन निरस्त हो जाएगा और उक्त अनुज्ञप्तिधारी को राज्य में कहीं भी कोई आबकारी लायसेंस धारण करने से भविष्य में वर्जित कर दिया जायेगा।

(11) **मदिरा का उठान** :–

(11.1) छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2002 (यथासंशोधित) के अधीन देशी मदिरा का अनुज्ञप्तिधारी देशी मदिरा का प्रदाय निर्धारित ड्यूटी चुकाकर संबंधित भण्डारण भांडागार से तथा विदेशी मदिरा का अनुज्ञप्तिधारक विदेशी मदिरा का प्रदाय निर्धारित ड्यूटी का भुगतान शासकीय कोष में कर, छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड से विदेशी मदिरा की कीमत का भुगतान कर प्राप्त करेगा। अनुज्ञप्तिधारी को देशी/विदेशी मदिरा का प्रदाय प्राप्त करने हेतु मांगपत्र पर्याप्त समय पूर्व संबंधित प्रदाय स्थलों पर प्रस्तुत करना होगा।

(11.2) अनुज्ञप्तिधारी को उप–कंडिका (11.1) में दर्शित अनुसार देशी मदिरा का प्रदाय संबंधित भण्डारण भांडागार से अथवा विदेशी मदिरा का प्रदाय छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड के मंदिरहसौद गोदाम, रायपुर अथवा लिंगियाडीह गोदाम, बिलासपुर से प्राप्त करने उपरांत परेषण को गंतव्य स्थल/दुकान तक सीधे ले जाना होगा तथा परेषण को परिवहन के दौरान खोला नहीं जाएगा और न ही अन्य स्थल/स्थान पर परिवर्तित किया जाएगा।

(11.3) **(क)** प्रदेश में वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा के प्रदाय हेतु देशी एवं विदेशी मदिरा (स्प्रिट एवं माल्ट) की ड्यूटी दरें निम्नानुसार रहेगी :–

क्रमांक	मदिरा का प्रकार		वर्ष 2015–16 के लिए निर्धारित ड्यूटी दर
1	2		3
(1)	**देशी मदिरा** :– मसाला 25.0 U.P. प्लेन 50.0 U.P. रासी 60.0 U.P.		रुपये 90/– प्रति प्रूफलीटर
(2)	**विदेशी मदिरा (स्प्रिट)** :– विदेशी मदिरा (स्प्रिट) की ड्यूटी दर की गणना वर्ष 2015–16 में विदेशी मदिरा की **लैंडिग प्राईज प्रति पेटी** पर निम्नानुसार होगी:–		
	(i)	रुपये 700/– तक	रुपये 100/– प्रति प्रूफलीटर
	(ii)	रुपये 701/–से 1000/– तक	रुपये 115/– प्रति प्रूफलीटर
	(iii)	रुपये 1001/–से 1500/– तक	रुपये 130/– प्रति प्रूफलीटर
	(iv)	रुपये 1501/–से 2500/– तक	रुपये 160/– प्रति प्रूफलीटर
	(v)	रुपये 2501/–से 4000 तक	रुपये 190/– प्रति प्रूफलीटर
	(vi)	रुपये 4001/– और उससे अधिक	रुपये 220/– प्रति प्रूफलीटर
(3)	**बीयर (माल्ट मदिरा)**		रुपये 22/– प्रति बल्कलीटर
(4)	(क)	विदेशी मदिरा (स्प्रिट) सेना तथा अर्द्धसैनिक बलों/उनकी संस्थाओं/क्लबों के लिए	रुपये 30/– प्रति प्रूफ लीटर
	(ख)	बीयर (माल्ट मदिरा)	रुपये 8/– प्रति बल्क लीटर

स्पष्टीकरण :– 1. विदेशी मदिरा (स्प्रिट) में सम्मिलित है, व्हिस्की, ब्राण्डी, रम, जिन, वाईन, लिकर्स, कार्डियल्स, बिटर्स, मिक्चर्स तथा अन्य निर्मितियाँ, जो स्प्रिरिट युक्त हों।

2. माल्ट मदिरा में सम्मिलित है, बीयर, स्टाउट, एल, पोर्टर, साईडर इत्यादि।

(11.3)**(क–1) न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा एवं ड्यूटी राशि का विनियोजन** :–

(1) विदेशी मदिरा स्प्रिट के लिए माहवार निर्धारित प्रत्याभूत मात्रा पर औसत ड्यूटी राशि की गणना रूपये 115/– प्रति प्रूफ लीटर के आधार पर किया गया है। औसत ड्यूटी राशि की गणना निम्नानुसार किया गया है :–

क्र.	रेंज का नाम	लैडिंग प्राइज का स्लेब	ड्यूटी दर	मासिक प्रत्याभूत मात्रा में रेंज वाइस कुल प्रतिशत	ड्यूटी राशि
1	2	3	4	5	6
1	निम्न (चीप)	रुपये 700/– तक	100/–	59%	5900/–
2	मध्यम	रुपये 701/–से 1000/– तक	115/–	7%	805/–
3	उच्च	रुपये 1001/–से 1500/– तक	130/–	24%	3120/–
4	उच्चतर	रुपये 1501/–से 2500/– तक	160/–	8%	1280/–
5	उच्चतम	रुपये 2501/– से 4000/– तक	190/–	1.5%	285/–
6	प्रीमियम	रुपये 4001/– और उससे अधिक	220/–	0.5%	110/–
				100%	11,500/–

टीप :– ड्यूटी स्लेब की गणना छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन के लैडिंग प्राइज पर किया जावेगा।

(2) "इस प्रकार अनुज्ञप्तिधारी द्वारा माह के लिए निर्धारित की गई संपूर्ण न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा का उठान एवं निर्धारित की गई सम्पूर्ण ड्यूटी राशि उपरोक्त सारिणी अनुसार जमा किया जाना अनिवार्य होगा। परन्तु किसी भी माह के लिए विदेशी मदिरा स्प्रिट की निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा में से उपरोक्त सारिणी अनुसार जमा करने से शेष रही मात्रा के लिए स्लेबवार निर्धारित ड्यूटी दर अनुसार शास्ति के लिए अनुज्ञप्तिधारी दायी होगा।"

"परन्तु कम ड्यूटी दर वाली मदिरा की मात्रा का समायोजन, अधिक ड्यूटी दर वाली मदिरा की मात्रा से, ड्यूटी की अन्तर राशि का पृथकतः भुगतान पश्चात्, किया जा सकेगा।"

(ख) आबकारी कर योग्य वस्तुओं पर शुल्क (ड्यूटी) पर 10% अधिभार :–

आबकारी शुल्क (ड्यूटी) योग्य वस्तुओं के विहित शुल्क (ड्यूटी) पर 10% अधिभार देय होगा, जिसका अंतरण ग्रामीण तथा नगरीय निकायों को जनसंख्या के अनुपात में दिया जावेगा।

(ग) विदेशी मदिरा की बोतलों पर प्लास्टिक पारदर्शी सील टोपी (Transparent plastic sealing cap) लगाया जाना :–

आगामी वर्ष 2015–16 के लिये, वर्ष 2014–15 की भांति दिनांक 01.04.2015 से विदेशी मदिरा की बोतलों पर विनिर्माता/प्रदायकर्ता, इकाईयों का नाम मुद्रित किया हुआ प्लास्टिक पारदर्शी सील टोपी (Transparent plastic sealing cap) होलोग्राम सहित लगाना अनिवार्य किया गया है।

टीप :–सभी प्रकार के विदेश निर्मित विदेशी मदिरा, (FMFL) तथा उत्पाद जो गैर वापस वाल्व (Non returnable valve) या टेम्पर प्रूफ कैप्स में/के साथ प्रदाय किये गये हों उन पर उक्त अनिवार्यता लागू नहीं होगी।

(12) **देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह हेतु माहवार न्यूनतम उठाव मात्रा का निर्धारण** :–

वर्ष 2015–16 के लिए देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों हेतु न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा का माहवार उठाव निम्नानुसार निर्धारित किया गया है :–

क्रमांक	माह का नाम	**माह हेतु निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा**	
		देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा (स्प्रिट)	माल्ट मदिरा (बीयर)
1.	2.	3.	4.
1.	अप्रैल	वार्षिक मात्रा का 9%	वार्षिक मात्रा का 15%
2.	मई	वार्षिक मात्रा का 10%	वार्षिक मात्रा का 15%
3.	जून	वार्षिक मात्रा का 9%	वार्षिक मात्रा का 13%
4.	जुलाई	वार्षिक मात्रा का 7%	वार्षिक मात्रा का 6%
5.	अगस्त	वार्षिक मात्रा का 7%	वार्षिक मात्रा का 6%
6.	सितम्बर	वार्षिक मात्रा का 7%	वार्षिक मात्रा का 6%
7.	अक्टूबर	वार्षिक मात्रा का 8%	वार्षिक मात्रा का 6%
8.	नवम्बर	वार्षिक मात्रा का 8%	वार्षिक मात्रा का 5%
9.	दिसम्बर	वार्षिक मात्रा का 9%	वार्षिक मात्रा का 5%
10.	जनवरी	वार्षिक मात्रा का 9%	वार्षिक मात्रा का 6%
11.	फरवरी	वार्षिक मात्रा का 9%	वार्षिक मात्रा का 9%
12.	मार्च	वार्षिक मात्रा का 8%	वार्षिक मात्रा का 8%

(13) **सीलबंद बोतलों में देशी मदिरा प्रदाय का अनुपात** :–

(13.1) वर्ष 2015–16 के लिए प्रदेश में स्थित देशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूहों को भण्डारण भांडागार से बोतल, अद्धा, पाव की शीशीयों में देशी मदिरा का प्रूफ लीटर में प्रदाय का अनुपात 08:22:70 रहेगा।

(13.2) वर्ष 2015–16 के लिये वर्ष 2014–15 की **भांति फुटकर अनुज्ञप्तिधारकों द्वारा प्रति पेटी मदिरा की कीमत देशी मदिरा के प्रदाय संविदाकार को भुगतान कर संबंधित भण्डारण–भण्डागार से देशी मदिरा का प्रदाय लेगा।**

(14) **देशी मदिरा की तेजी** :–

वर्ष 2015–16 के लिए देशी मदिरा प्रदाय की तेजी निम्नानुसार निर्धारित है :–

क्रमांक	मदिरा का प्रकार	निर्धारित तेजी
1.	मसाला मदिरा	25.0 यू.पी.
2.	प्लेन मदिरा	50.0 यू.पी.
3.	रासी मदिरा	60.0 यू.पी.

(15) **<u>माह के लिए निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा का उठान और असफलता के परिणाम</u>** :–

(15.1) अनुज्ञप्तिधारी को माह के दौरान देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह की दुकानों के लिये निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर निर्धारित दर से देय ड्यूटी की सम्पूर्ण राशि उस माह की **25 तारीख** तक संबंधित जिले के कोषालय/उप–कोषालय में जमा कर चालान की मूल प्रति संबंधित जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिस पर देशी मदिरा अथवा विदेशी मदिरा का प्रदाय माहान्त तक किया जा सकेगा, किन्तु माह के अंतिम कार्य दिवस तक बिना उठाई गई मदिरा की मात्रा को समपहृत कर लिया जायेगा।

(15.2) उक्त उप–खण्ड (15.1) के अन्तर्गत अनुज्ञप्तिधारी, मास के दौरान देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह की दुकानों के लिए निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर देय ड्यूटी की सम्पूर्ण राशि उस माह की **25 तारीख** तक जिले के कोषालय/उप–कोषालय में जमा करने में असफल रहता है, तो ऐसा अनुज्ञप्तिधारी, उनके विरुद्ध अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा की जाने वाली अन्य कार्यवाहियों के साथ–साथ, वह न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा की बकाया ड्यूटी की राशि पर 12% वार्षिक (अर्थात् 1% मासिक) की दर से साधारण ब्याज भुगतान करने के लिए भी दायी होगा।

(15.3) यदि देशी/विदेशी मदिरा की दुकान/समूह की दुकानों का अनुज्ञप्तिधारी उप–खण्ड (15.1) के अनुसार मास के दौरान देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह की दुकानों के लिए निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा की सम्पूर्ण राशि उस माह की **25 तारीख** तक शासन कोष में जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो जिले के उपायुक्त आबकारी/सहायक आयुक्त आबकारी/जिला आबकारी अधिकारी तत्काल मामले की सूचना अनुज्ञापन प्राधिकारी को देगा, जो **नियम 23 के उप नियम (1) के खण्ड (च) के उप खण्ड (एक)** के अनुरूप शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही करेंगे। अधिरोपित शास्ति के समतुल्य धनराशि व न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा की अवशेष राशि को अनुज्ञप्तिधारी की जमा प्रतिभूति धनराशि से समायोजित करते हुए, अनुज्ञप्तिधारी को प्रतिभूति धनराशि में आई कमी को एक सप्ताह के भीतर पूर्ति करने तथा कारण बताने का नोटिस जारी करेंगे कि संबंधित दुकान/समूह की दुकानों की अनुज्ञप्ति/अनुज्ञप्तियाँ क्यों न निरस्त कर दी जाए? यदि अनुज्ञप्तिधारी बताई गई अवधि के भीतर प्रतिभूति धनराशि की पूर्ति करने में असफल रहता है तथा स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो उसकी दुकान/समूह की दुकानों की अनुज्ञप्ति/अनुज्ञप्तियाँ निरस्तीकरण के दायित्वाधीन होंगी। इसके उपरान्त अनुज्ञापन प्राधिकारी दुकान/दुकानों के समूह की दुकानों के पुर्नव्यवस्थापन की आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

(15.4) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्तिधारी के विरुद्ध अधिरोपित की गई शास्ति के समतुल्य धनराशि व न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा की अवशेष राशि को अनुज्ञप्तिधारी की जमा प्रतिभूति धनराशि से समायोजित किया जावेगा तथा अनुज्ञप्तिधारी को प्रतिभूति धनराशि में आई कमी को एक सप्ताह के भीतर पूरा करना होगा। यदि अनुज्ञप्तिधारी बताई गई अवधि के भीतर प्रतिभूति धनराशि की पूर्ति करने में असफल रहता है तो ऐसे अनुज्ञप्तिधारी के समूह

की दुकान/दुकानों की अनुज्ञप्ति/अनुज्ञप्तियाँ अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा निरस्त की जा सकेगी तथा ऐसे अनुज्ञप्तिधारी के जोखिम एवं उत्तरदायित्व पर अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा संबंधित समूह की दुकान/दुकानों का पुर्नव्यवस्थापन किया जावेगा तथा इस पुर्नव्यवस्थापन में शासन को जो हानि होगी, उसकी वसूली संबंधित अनुज्ञप्तिधारी से भू–राजस्व की बकाया की भाँति की जावेगी।

(16) **न्यूनतम माहवार प्रत्याभूत मात्रा से अधिक देशी/विदेशी मदिरा का उठान** :–

अनुज्ञप्तिधारी देशी मदिरा अथवा विदेशी मदिरा दुकानों के लिए वर्ष 2015–16 में माहवार निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा से अधिक देशी अथवा विदेशी मदिरा का प्रदाय निर्धारित दर पर ड्यूटी का भुगतान कर, प्राप्त कर सकता है।

(17) **न्यूनतम एवं अधिकतम फुटकर विक्रय मूल्य** :–

वर्ष 2015–16 के लिए शासन द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा की दृष्टि से देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा के लिए न्यूनतम एवं अधिकतम फुटकर विक्रय दर नियत की जावेगी, **जिसमें 5% का अंतर रखा जावेगा**। देशी मदिरा तथा विदेशी मदिरा के शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम एवं अधिकतम फुटकर बिक्री दर देशी मदिरा/विदेशी मदिरा प्रदायकर्ता द्वारा प्रत्येक प्रकार के नामपत्रों (लेबलों) पर अंकित किया जावेगा। अनुज्ञप्तिधारी, निर्धारित किए गए न्यूनतम विक्रय मूल्य से कम एवं निर्धारित अधिकतम विक्रय मूल्य से अधिक मूल्य उपभोक्ताओं से नहीं लेगा।

(18) **विदेशी मदिरा दुकान में अहाता की सुविधा** :–

वर्ष 2015–16 में विदेशी मदिरा एफ.एल.1घ की फुटकर दुकानों को, उसके संलग्न परिसर में उपभोक्ताओं को मदिरा–पान के लिए **नियमानुसार अहाता सुविधा दी जाएगी,** जिसके लिए अनुज्ञप्तिधारी को शासन द्वारा विहित की गई दर से अहाता अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर प्ररूप एफ.एल. 1ख (अहाता अनुज्ञप्ति) संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा प्रदत्त की जायेगी।

(19) **शुष्क दिवस** :–

(19.1) वर्ष 2015–16 में प्रदेश में स्थित देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों को निम्नानुसार दिवसों में शासन द्वारा घोषित शुष्क दिवसों पर बंद रखा जाना अनिवार्य होगा :–

क्र.	शुष्क दिवस	संख्या दिवस
1.	26 जनवरी " गणतंत्र दिवस"	1 दिवस
2.	15 अगस्त "स्वतंत्रता दिवस"	1 दिवस
3.	02 अक्टूबर "गांधी जयंती"	1 दिवस
4.	30 जनवरी "महात्मा गांधी निर्वाण दिवस"	1 दिवस
5.	मोहर्रम	1 दिवस
6.	होली (जिस दिन रंग खेला जाय)	1 दिवस
7.	18 दिसम्बर "गुरू घासीदास जयंती"	1 दिवस

(19.2) उक्त के अतिरिक्त कलेक्टर को यह भी अधिकार हैं कि, वे वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान किन्हीं भी **तीन दिवसों** में उनके जिले/क्षेत्र की देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों को बंद करने के आदेश दे सकते है। इसके अतिरिक्त लोकसभा/विधानसभा/स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं, जिसमें ग्राम पंचायत भी सम्मिलित है, के चुनाव/उप–चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मदिरा की दुकानों को **छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा–24 की उप–धारा (1)** के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर/जिला दण्डाधिकारी द्वारा लोकहित में बंद किया जावेगा।

(20) **<u>देशी/विदेशी मदिरा दुकानों के खुलने का समय</u>** :–

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन **नियम, 2002** के नियम **19** सहपठित **सी.एस.2घ** लायसेंस शर्त **क्रमांक 11** एवं **एफ.एल.1घ** लायसेंस शर्त **क्रमांक 17** के अनुसार, देशी मदिरा व विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के खुलने का समय प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक रहेगा।

(21) **<u>देशी मदिरा की उप–दुकान हेतु अनुज्ञप्ति</u>** :–

वर्ष 2015–16 में देशी मदिरा के लिए उप–दुकान स्वीकृत नहीं की जावेगी।

(22) **<u>लायसेंस की समाप्ति पर शेष बचे मदिरा स्कन्ध का निराकरण</u>** :–

(1) वर्ष 2015–16 के अनुज्ञप्तिधारी के लायसेंस अवधि की समाप्ति पर देशी मदिरा के अतिशेष स्टॉक का निराकरण छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के अन्तर्गत निर्मित **सामान्य लायसेंस शर्त क्रमांक–25** तथा विदेशी मदिरा के अतिशेष का निराकरण छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम, 1996 के **नियम 18** के **उप नियम (6)** के **अनुसार किया** जावेगा।

(2) अनुज्ञप्तिधारी, लायसेंस अवधि की समाप्ति पर देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा के अतिशेष स्टाक के व्ययन (Disposal) के फलस्वरूप, हस्तांतरित/स्थानांतरित की जाने वाली मदिरा की मात्रा पर तत्समय देय **ड्यूटी राशि के 10% (दस प्रतिशत)** के बराबर, धनराशि का भुगतान करेगा, जिसका समायोजन आगामी वर्ष की ड्यूटी राशि/लायसेंस फीस में नहीं किया जावेगा तथा हस्तांतरित/स्थानांतरित की जाने वाली मदिरा की मात्रा का भी समायोजन आगामी वर्ष हेतु निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा में नहीं किया जावेगा।

(23) **<u>प्रतिभूति धनराशि का समायोजन/वापसी</u>** :–

वर्ष 2015–16 के लिए आवेदन प्रणाली में व्यवस्थापित की गई देशी/विदेशी मदिरा दुकानों/समूहों के लिए राज्य शासन को देय लायसेंस फीस/ड्यूटी /शास्ति की राशि या अन्य बकाया राशियों के निस्तारण हेतु आवश्यकता होने पर, ऐसी समस्त बकाया राशियाँ अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर निर्धारित दर से देय ड्यूटी राशि के 1/12वें भाग के बराबर जमा की गई प्रतिभूति धनराशि से समायोजन योग्य होगी। राज्य शासन के समस्त दावों एवं देयों के अंतिम निस्तारण के पश्चात् जमा प्रतिभूति धनराशि अथवा समायोजन के पश्चात् शेष बची राशि अनुज्ञप्तिधारी को वापस किए जाने योग्य होगी।

(24) **<u>लायसेंस का अभ्यर्पण</u>** :–

अनुज्ञप्तिधारी, **अधिनियम की धारा 33** के उपबन्धों के अधीन अपने लायसेंस का अभ्यर्पण अनुज्ञापन प्राधिकारी को कम से कम एक मास की लिखित नोटिस देकर कर सकता है। ऐसा आवेदन प्राप्त होने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी अधिनियम की धारा 33 के अनुसार कार्यवाही करेगा। अनुज्ञापन प्राधिकारी आबकारी वर्ष की शेष अवधि के लिए दुकान के पुर्नव्यवस्थापन की कार्यवाही भी आरंभ करेगा।

(25) **<u>लायसेंस का निलम्बन और निरस्तीकरण</u>** :–

(25.1) अनुज्ञापन प्राधिकारी लायसेंस को निलंबित या निरस्त कर सकता है।

(25.1.1) यदि अनुज्ञप्त परिसर में कोई ऐसी मदिरा बोतल पाई जाती है, जिस पर शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है और जिस पर आबकारी आयुक्त द्वारा सम्यक् रूप से अनुमोदित शुल्क के भुगतान के प्रमाण के रूप में सुरक्षा होलोग्राम नहीं लगाया गया है।

(25.1.2) यदि **अनुज्ञप्त** परिसर में किसी अन्य प्रकार की मदिरा या मादक औषधि (जिसके लिए लायसेंस मंजूर नहीं किया गया है) पाई जाती है।

(25.1.3) यदि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा नियम–8 के खण्ड (ग) के अंतर्गत शपथ पत्र त्रुटिपूर्ण पाया जाता है और उसमें किया गया कथन असत्य पाया जाता है,

(25.1.4) यदि अनुज्ञप्तिधारी, अधिनियम या किसी संज्ञेय और गैर–जमानती अपराध से या भारतीय दण्ड संहिता की धारा 482 से 489 के अधीन अपराध से दोषसिद्ध पाया जाता है,

(25.1.5) यदि कोई मदिरा की बोतल **अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2002 (यथासंशोधित)** के **नियम 17 के अधीन** राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम फुटकर बिक्री मूल्य से कम मूल्य पर अथवा निर्धारित अधिकतम फुटकर बिक्री मूल्य से अधिक मूल्य पर बेची जाती है,

(25.1.6) यदि देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकान/समूह का अनुज्ञप्तिधारी किसी माह के लिये निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा की सम्पूर्ण राशि उस माह की **25 तारीख** तक संबंधित जिले के कोषालय/उप– कोषालय में जमा कराकर चालान की मूल प्रति संबंधित जिले के जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने में विफल रहता है तथा ऐसी कम पटाई गई राशि की न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा पर निर्धारित दर से अधिरोपित शास्ति नियत अवधि में जमा करने में विफल रहता है।

(25.1.7) यदि अनुज्ञप्तिधारी इस विज्ञप्ति की **कंडिका (25.1.6)** के अनुसार अधिरोपित शास्ति के पश्चात् भी माहवार निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा की सम्पूर्ण राशि जमा करने में असफल रहता है तथा विहित कालावधि के भीतर प्रतिभूति राशि में आयी कमी को पूरा करने में भी असफल रहता है।

(25.1.8) यदि अनुज्ञप्तिधारी किसी माह के लिए निर्धारित मासिक लायसेंस फीस की सम्पूर्ण राशि, उस **माह के 10वें कार्य दिवस तक** संबंधित जिले के कोषालय/ उप–कोषालय में जमा कराकर चालान की मूल प्रति संबंधित जिले के जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने में विफल रहता है।

(25.2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की **धारा 31 में** दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत अनुज्ञापन प्राधिकारी ऊपर उल्लेखित आधार पर अनुज्ञप्ति को तत्काल निलंबित अथवा निरस्त करने की कार्यवाही करेगा, जिसमें अनुज्ञप्तिधारी को उसकी अनुज्ञप्ति को निलंबित या निरस्त करने तथा उसकी जमा प्रतिभूति धन राशि को राजसात भी किया जा सकेगा।

(25.3) अनुज्ञप्तिधारी, इस नियम के अधीन लायसेंस के निलम्बन या निरस्तीकरण के लिए किसी प्रतिकर या वापसी के लिए दावा करने का हकदार नहीं होगा।

(25.4) ऊपर लिखित आधार पर लायसेंस निरस्त किए जाने के मामले में अनुज्ञप्तिधारी को कालीसूची में भी डाला जायेगा तथा भविष्य में कोई आबकारी लायसेंस धारण करने से वर्जित किया जायेगा।

7/ <u>राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गो पर मदिरा दुकानों की अवस्थिति</u> :–

वर्ष 2015–16 के लिये देशी/विदेशी मदिरा दुकान किसी राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा राज्य राजमार्ग के केन्द्र बिन्दु से 100 मीटर या उससे कम दूरी पर फुटकर मदिरा दुकान को स्थापित/अवस्थित नहीं किया जावेगा, साथ ही :–

(अ) किसी राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा राज्य राजमार्ग के दृश्यमान किसी भी मदिरा दुकान का प्रवेश द्वार किसी राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग की ओर नहीं होगा, बल्कि मदिरा दुकान इस प्रकार स्थापित होगी कि मदिरा की पीठ किसी राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग की ओर रहेगी।

(ब) किसी राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा राज्य राजमार्ग से किसी मदिरा दुकान पर लगा हुआ साईन बोर्ड दृश्य नहीं होगा।

(स) किसी राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा किसी राज्य राजमार्ग पर किसी भी मदिरा दुकान को इंगित/सूचित किए जाने वाला साईन बोर्ड भी दृश्यमान नहीं होगा।

8/ <u>मद्य निषेद्य नीति तथा प्राकृतिक विपत्तियों के फलस्वरूप मदिरा दुकान बंद करना</u> :–

वित्तीय वर्ष 2015–16 में छत्तीसगढ़ राज्य में अथवा किसी पड़ोसी राज्य में मद्य निषेध की नीति के फलस्वरूप या किसी अन्य कारण से किसी दुकान/समूह की दुकानों के पुनर्आबंटन करने का निर्णय लिया जाता है, तो वैसा करने का अधिकार आबकारी आयुक्त का होगा। इसी प्रकार यदि देशी/विदेशी मदिरा दुकान/समूह के व्यस्थापन की अवधि के दौरान अनुज्ञप्तिधारी को किसी भी दैवीय विपत्ति या प्राकृतिक प्रकोप अथवा सामाजिक उपद्रवों, आंदोलनों, कानून व्यवस्था आदि संबंधी समस्याओं के फलस्वरूप किसी प्रकार की कोई क्षति होती है, तो अनुज्ञप्तिधारी को किसी भी तरह की क्षतिपूर्ति शासन द्वारा देय नहीं होगा।

